# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 21.05.2025 (दोपहर–1455 बजे)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत कल 18 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के एक सौ तीन रेलवे स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। इस योजना के अंतर्गत स्टेशनों में यात्रियों के लिए सुविधाओं का विस्तार किया गया है। इस योजना के तहत झारखंड के तीन रेलवे स्टेशन राजमहल रेलवे स्टेशन, गोविंदपुर रोड और देवघर स्थित शंकरपुर रेलवे स्टेशन शामिल हैं।

***************

गृह मंत्रालय ने पद्म पुरस्कार 2026 के लिए नामांकन आमंत्रित किए हैं। नामांकन 31 जुलाई तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑन लाइन किया जा सकता है। मंत्रालय ने कहा है कि सभी आवश्यक जानकारियां पोर्टल पर विशेष फॉरमेट में दी जानी चाहिए।

***************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड में हुए शराब घोटाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। रांची में प्रेस वार्ता कर उन्होंने कहा कि 2022 से चल रहा यह घोटाला दिल्ली और छत्तीसगढ़ से भी बड़ा है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि आईएएस विनय चौबे की गिरफ्तारी केवल बड़ी मछलियों को बचाने की साजिश है, जबकि उन्होंने पहले ही इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था।

***************

पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने शराब घोटाले को लेकर राज्य सरकार पर तीखा हमला बोला। बोकारो में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि सीओ से लेकर सीएमओ तक भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं और भाजपा का आरोप एक बार फिर सिद्ध हुआ है। रघुवर दास ने दावा किया कि सीबीआई जांच में बड़ी मछलियों का भी खुलासा होगा।

***************

झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक कल प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। मंत्रिपरिषद की बैठक में कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर मुहर लगाई जाएगी।

***************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और विधायक कल्पना सोरेन ने आज झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता स्वर्गीय दुर्गा सोरेन की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। दोनों नेता रांची के नामकुम (लोवाडीह) स्थित दुर्गा सोरेन स्मारक पहुंचे और उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्वर्गीय सोरेन के योगदान को याद करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी।

***************

आईआईटी आईएसएम, धनबाद के निदेशक प्रोफेसर सुकुमार मिश्रा को एशिया–पैसिफिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एसोसिएशन का फेलो चुना गया है।

***************

दक्षिण–पूर्व रेलवे के आद्रा मंडल के अंतर्गत विकास कार्य के लिए ब्लॉक लिये जाने के कारण तीन ट्रेनें प्रभावित रहेंगी। खड़गपुर–हटिया एक्सप्रेस 22 और 23 मई को अपने निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर दो घंटे विलंब से खड़गपुर स्टेशन से प्रस्थान करेगी। वहीं हटिया–खड़गपुर एक्सप्रेस 24 और 25 मई को निर्धारित प्रस्थान समय के स्थान पर दो घंटे विलंब से हटिया स्टेशन से प्रस्थान करेगी। टाटानगर–हटिया एक्सप्रेस 25 मई को चांडिल–पुरुलिया–कोटशिला–मूरी के स्थान पर परिवर्तित मार्ग होकर चलेगी।

***************

बैंकिंग, ऑटो और आईटी सेक्टर में तेजी के चलते घरेलू बेंचमार्क सूचकांकों ने अपनी तीन दिन की गिरावट का सिलसिला तोड़ते हुए आज दोपहर के कारोबार में बढ़त दर्ज की। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 320 अंकों की बढ़त के साथ 81,506 पर था, जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 लगभग 95 अंकों की तेजी के साथ 24,778 पर कारोबार कर रहा था।

***************

सर्राफा बाजार में आज रांची में 22 कैरेट सोने का भाव 87 हजार छह सौ रुपये प्रति दस ग्राम है जबकि चांदी की कीमत एक लाख तीन हजार रुपये प्रति किलो है।

***************

आईपीएल टी20 क्रिकेट में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला दिल्ली कैपिटल्स से होगा। यह मैच मुंबई में शाम साढे सात बजे से शुरू होगा।

*****समाप्त**********